2. **Online BID (EMD) / Offer start on 21-Aug-25 and end on 22-Sep-25 before 5:30 Pm**
3. To the best of knowledge and information of the Authorised Officer, there is no encumbrance on any property. However, the intending bidders should make their own independent inquiries regarding the encumbrances, title of property/ ies put on auction and claims/ rights/ dues/ effecting the property, prior to submitting their bid. The e-Auction advertisement does not constitute and will not be deemed to constitute any commitment or any representation of the bank. The property is being sold with all the existing and future encumbrances whether known or unknown to the AHFPL. The Authorised Officer/ Secured Creditor shall not be responsible in any way for any third- party claims/ rights/ dues.
4. It shall be the responsibility of the bidders to inspect and satisfy themselves about the asset and specification before submitting the bid. The inspection of property/ies put on auction will be permitted to interested bidders at sites as mentioned against each property description.
5. The interested bidders shall submit their EMD through Web Portal: **https://Tygerhome.procure247.com** (the user ID & Password can be obtained free of cost by registering name with **https://Tygerhome.procure247.com**) through Login ID & Password. The EMD shall be payable through NEFT in the account mentioned above.
6. After Registration (One Time) by the bidder in the Web Portal, the intending bidder/ purchaser is required to get the copies of the following documents uploaded in the Web Portal before the Last Date & Time of submission of the Bid Documents viz. i) Copy of the NEFT/RTGS Challan or Demand Draft; ii) Copy of PAN Card; iii) Proof of Identification/ Address Proof (KYC) viz. self-attested copy of Voter ID Card/ Driving License/ Passport etc.; without which the Bid is liable to be rejected. UPLOADING SCANNED COPY OF ANNEXURE-II & III (can be downloaded from the Web Portal: https://Tygerhome.procure247.com) AFTER DULY FILLED UP & SIGNING IS ALSO REQUIRED. The interested bidders who require assistance in creating Login ID & Password, uploading data, submitting Bid Documents, Training/ Demonstration on Online Inter-se Bidding etc., may contact M/s i-Sourcing Technologies Pvt. Ltd. 603, 6th Floor Shikhar Complex, Navrangpura, Ahmedabad 380 009,Gujarat, India E-mail ID : Karan@procure247.com, Rajesh@procure247.com, Tapan@procure247.com, Support Helpline Numbers : Rajesh Chauhan – 6354910183 Karan Modi - 7016716557. Enquiries : Helpdesk@procure247.com, and for any property related query may contact **Authorised Officer: Ajay Kumar - 9619661491 e-mail ID: ajay.kumar2@tyger.in & Rohan Bagari - 90016 07018 , e mail ID : rohan.bagri@tyger.in** during the working hours from Monday to Saturday.
7. The interested bidder has to submit their Bid Documents [EMD (not below the Reserve Price) and required documents (mentioned in Point No.4)] on/ before **22-Sep-25** up to 5:30 pm and after going through the Registering Process (One time) and generating User ID & Password of their own, shall be eligible for participating the e-Auction Process, subject to due verification (of the documents) and/ or approval of the Authorised Officer.
8. During the Online Inter-se Bidding, Bidder can improve their Bid Amount as per the 'Bid Increase Amount' (mentioned above) or its multiple and in case bid is placed during the last 5 minutes of the closing time of the e-Auction, the closing time will automatically get extended for 5 minutes (each time till the closure of e-Auction process), otherwise, it'll automatically get closed. The bidder who submits the highest bid amount (not below the Reserve Price) on the closure of the e-Auction Process shall be declared as a Successful Bidder by the Authorised Officer/ Secured Creditor, after required verification
9. The Earnest Money Deposit (EMD) of the successful bidder shall be retained towards part sale consideration and the EMD of unsuccessful bidders shall be refunded. The Earnest Money Deposit shall not bear any interest. The successful bidder shall have to deposit 25% of the sale price, adjusting the EMD already paid, within 24 hours of the acceptance of bid price by the Authorised Officer and the balance 75% of the sale price on or before 15th day of sale or within such extended period as agreed upon in writing by and solely at the discretion of the Authorised Officer. In case of default in payment by the successful bidder, the amount already deposited by the offer shall be liable to be forfeited and property shall be put to re-auction and the defaulting borrower shall have no claim/ right in respect of property/ amount.
10. The prospective qualified bidders may avail online training on e-Auction from i-Sourcing Technologies Pvt. Ltd. prior to the date of e-Auction. Neither the Authorised Officer/ Bank nor M/s. i-Sourcing Technologies Pvt. Ltd. shall be liable for any Internet Network problem and the interested bidders to ensure that they are technically well equipped for participating in the e-Auction event
11. The purchaser shall bear the applicable stamp duties/ additional stamp duty/ transfer charges, fee etc. and also all the statutory/ non-statutory dues, taxes, rates, assessment charges, fees etc. owing to anybody
12. The Authorised Officer is not bound to accept the highest offer and the Authorised Officer has the absolute right to accept or reject any or all offer(s) or adjourn/ postpone/ cancel the e-Auction without assigning any reason thereof
13. The bidders are advised to go through the detailed Terms & Conditions of e-Auction available on the Web Portal of M/s. i-Sourcing Technologies Pvt. Ltd., **https://Tygerhome.procure247.com**) before submitting their bids and taking part in the e-Auction
14. The publication is subject to the force major clause.

**Special Instructions-**Bidding in the last moment should be avoided in the bidders own interest as neither the Adani Housing Finance Pvt. Ltd nor Service provider will be responsible for any lapse/failure (Internet failure/power failure etc.). in order to ward-off such contingent situations bidders are requested to make all necessary arrangements / alternatives such as power supply back-up etc, so that they are able to circumvent such situation and are able to participate in the auction successfully.

**Note - STATUTORY 30 DAYS SALE NOTICE UNDER THE SARFAESI ACT, 2002**

The borrowers / Co-borrower / Guarantors are hereby notified to pay the sum as mentioned above along with up to date interest and ancillary expenses before the date of e-Auction, failing which the property will be auctioned / sold and balance dues, if any, will be recovered with interest and cost.

**Sd/-**
**Authorised Officer**
**Tyger Home Finance Private Limited**

**Place : Rajasthan**
**Date : 21.08.2025**

# 400 पौधे लगाने वाले विद्यार्थियों का अभिनंदन

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं शिक्षा एवं पंचायतराज मंत्री मदन दिलावर की प्रेरणा से भाजपा गणेश नगर मंडल द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान एवं निर्माणाधीन हवाई अड्डे की बजट स्वीकृति के उपलक्ष्य में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन के मुख्य आतिथ्य में रामगंजमण्डी विधानसभा के गणेश नगर मण्डल स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रोझड़ी परिसर में पौधा रोपण किया गया। भाजपा गणेश नगर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र नागर ने बताया की पौधारोपण की कड़ी में इस विद्यालय के 5 विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के प्रांगण में 150 से 400 पौधे लगाये जाने पर जिलाध्यक्ष राकेश जैन एवं संस्था प्रधान मुकेश जांगिड़ द्वारा विद्यार्थी लोकेश भील, शिवम भट्ट, गोविन्द, नितेश, कुलदीप का अभिनंदन किया गया। राकेश जैन ने कहा की बड़े ही हर्ष का विषय हैं कि कोटा शहर को ग्रीन कोटा बनाने के लिये भारतीय जनता पार्टी, प्रशासन, व्यापारिक संगठनों, अन्य संस्थाओं एवं आमजन द्वारा बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया गया। कोटा-बूंदी में बहुप्रतिक्षित हवाई अड्डे निर्माण की कड़ी में कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कोटा को 1507 करोड़ का आवंटन कर, कोटा-बूंदी के विकास को पंख लगा दिये। इससे कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में शिक्षा, पर्यटन, उद्योग व रोजगार के क्षेत्र में बहुत तेजी से अवसर बढ़ेगे।

# राजीव गांधी ने ग्राम पंचायतों को अधिकार दिया : प्रहलाद गुंजल

- रविन्द्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की जयंती पर राजीव गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर वहीं पर गोष्ठी का आयोजन किया

**कोटा,** (निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की 81वीं जयंती पर शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को राजीव गांधी नगर स्थित आई.एल. चौराहे पर रवींद्र त्यागी की अगुवाई में कांग्रेसजनो ने राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर वहीं पर गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए रविन्द्र त्यागी ने कहा कि स्व.राजीव गांधी सबसे कम उम्र में देश के प्रधानमंत्री बने उन्होंने आधुनिक भारत का निर्माण कर देश को नई दिशा दी उनके अथक प्रयास से देश में मोबाईल, कम्प्यूटर, नई संचार क्रांति का उदय हुआ देश व पूरे विश्व में अमन शांति के उन्होंने सार्थक प्रयास किये राजीव गांधी ने देश में इंफॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी की नींव रखी जिससे युवाओं को रोजगार की नई दिशा मिली उन्होंने कहा राजीव गांधी ने देश में पंचायतराज के लिए विशेष प्रयास किये जिससे पचायतो में अधिकार मिले गांवों का विकास हुआ। राजीव गांधी ने 18 वर्ष की उम्र में युवाओं को मत देने का अधिकार दिया भारत में नई संचार क्रांति लाये जिससे आज भारत में कम्प्यूटर, मोबाईल प्रचलन बड़ा है, त्यागी ने कहा कि मोदी देशहित में ना सोचकर आए दिन शहीदों एवं आजादी दिलाने वाले नेताओं का अपमान कर नीचा दिखाने का काम कर रहे है रविन्द्र त्यागी ने सभी कार्यकर्ताओं को देशहित में सम्प्रदायक शक्तियों के खिलाफ डटकर मुकाबला करने का आव्हान किया। लोकसभा कांग्रेस के प्रत्याशी रहे प्रहलाद गुंजल ने कहा कि इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री रहते जनमत पर भरोसा करते हुए राजीव गांधी ने पुनः लोकसभा के चुनाव कराए जनता ने इंदिरा गांधी शहादत को 425 सीटे देकर अपना पूर्ण विश्वास कांग्रेस पार्टी पर जताया और उन्हें श्रद्धांजलि देकर राजीव गांधी को अपना प्रधानमंत्री बनाया पंचायतों को अधिकार मिला वह राजीव गांधी की देन है। उपाध्यक्ष जगदीश थाडा ने कहा स्व.राजीव गांधी ने देशहित साहसिक निर्णय लेकर देश को नई दिशा दी। कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ.विजय सोनी ने बताया कि गोष्ठी को प्रमुख रूप से पीसीसी महासचिव अनूप ठाकुर, पीसीसी सचिव शिवराज गुंजल, प्रदीप मालवीय, शमीम खान, महामंत्री विपिन बरथुनिया, हिमांशू शर्मा, पं लालचंद शर्मा, इसरार मोहम्मद मनोज गुप्ता कपिल शर्मा, इरफान घोसी, धर्मा गोचर, विकास बैरवा, विनोद पारेता, योगेन्द्र शर्मा, मालती शर्मा, अमोलक देवी, सीता भाटी, सेवादल के हंसराज गौस्वामी, प्रेमराज लाहोरिया, रेहाना खान, उमाशंकर नामा, नवल तुरावा, धन्नालाल मेघवाल, रफीक खान, अमित सोनी, दिनेश सोनी, छोटूलाल मीणा, अजयभान आदि उपस्थित थे।

# बराना के बाबा रामदेव मंदिर पर लगेगा 2 दिवसीय मेला

**बारां।** समीपवर्ती बराना गांव के बाबा रामदेव मंदिर पर 25 अगस्त से दो दिवसीय भव्य मेला लगेगा। मंदिर के आर्चाच रामस्वप दास महाराज ने बताया कि इस बार लगने वालें भव्य मेले में यात्रि.यों की सुविधाओं बढाया गया है। गत दिवस आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर में समिति के सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें महाराज ने बताया कि भीषण गर्मी व भीड़भाड़ से बचाव के लिए मंदिर परिसर में रेलिंग का निर्माण करवाया जा रहा है। वही मंदिर की दूसरी छत का निमाण भी करवाया गया हैं। जिससे यात्रियों को छाया का लाभ मिल सकेगा।

मंदिर के गुरू महाराज दयाराम पारख के अनुसार 24 अगस्त रविवार को भजनसंध्या व जागरण होगा। वही 25 अगस्त सोमवार को विशाल भण्डारे का भक्तगण प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि बाहर से आने वाले यात्रियां की मदद करना है। वहीं महिला यात्रियों की सुविधा में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। ग्रामवासी एवं नवयुवक मंडल के कार्यकर्ता दी गई जिम्मेंदारी को पूर्णरूप से निभाएंगे।

## कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-1511 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-20.8.2025

नगर विकास न्यास कोटा की चाणक्यपुरी आवासीय योजना के भूखंड/आवास संख्या 240 का आवंटन/विक्रय/हस्तान्तरण/रजि. न्यास के पत्र दिनांक 06.10.2003 को डॉ. श्री आर.पी. कोठारी पुत्र श्री पूर्णानंद को किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री जितेन्द्र कुमार जैन एवं श्रीमती इन्द्रा जैन द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 30.08.2001 को श्रीमती पायल विजयवर्गीय पत्नी श्री जितेन्द्र विजयवर्गीय को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता द्वारा उक्त भूखंड/आवास का अपने नामहस्तांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 240 योजना चाणक्यपुरी आवासीय का नाम हस्तान्तरण श्रीमती पायल विजयवर्गीय पत्नी श्री जितेन्द्र विजयवर्गीय के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

# राजीव गांधी की जयंती मनाई पौधारोपण किया

**छीपाबड़ौद।** ब्लॉक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद शर्मा अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। स्वर्गीय राजीव गांधी जयंती मनाई गई,पौधारोपण किया ओर राजीव गांधी की मूर्ति माल्यार्पण किया बैठक में पूर्व सरपंच महफूज अली छीपाबड़ौद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मालव मोखमपुरा मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण माथोडिया सारथल मंडल अध्यक्ष डॉ नफीस अहमद कुरेशी ढोलम मंडल अध्यक्ष रामनिवास मालव उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमावत जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि हीरालाल वर्मा महासचिव कैलाश लोधा उपाध्यक्ष अशोक यादव महासचिव राकेश मेघवाल नगर अध्यक्ष पंकज नरवाना सारथल मंजूर भाई सारथल, श्याम सुंदर सुमन महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रफीका अब्बासी अशफाक भाई रामनारायण लोधा तोलाराम मीणा मुकेश वर्मा वार्ड पंच खुशराज नागर विजय शंकर नागर पप्पू लाल मीणा रामदयाल मीणा मोजूद रहे।

# खाद हेतु मारामारी, सहकारी समितियों में लगी लाइनें

**छीपाबडोद।** क्षेत्र में रासायनिक खाद की वितरण व्यवस्था के कारण हो रही गड़बड़ी के बीच किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पढ़ रहा हे। जबकि सहकारी समितियों और खाद के डीलरों के पास भूमि बुआई के अनुसार उपयुक्त खाद उपलब्ध हो गया हे। एसडीएम अभिमन्यु सिंह कुन्तल ने इस व्यवस्था को ठीक करने हेतु उचित मूल्य में खाद उपलब्ध करवाने हेतु कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया हे,इसी निर्देश पर कृषि परिवेक्षक की वितरण स्थल पर व्यवस्था पारदर्शी बनाने हेतु ड्यूटी लगाई हे। गोरतलब हे कि किसानों ने निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलने के कारण डीलरों के खिलाफ सड़क पर जाम लगा ज्ञापन सौंपा था जिस पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम ने सभी रासायनिक खाद डीलरों को हिदायत दी थी।खाद डीलरों की भी समस्या एसडीएम ने सुनी यूरिया के साथ अटेचमेंट देने से किसानों में विरोधाभास था। बुधवार को सहकारी समिति में खाद वितरण की सूचना पर किसानों की भीड़ पहुंची और लाईनों मे धक्का-मुक्की हुई पुलिस ने पहुंच लाईनों में व्यवस्था बनाई तब जा कर खाद वितरण हो पाया।

# गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव 28 को

- कार्यक्रम के पोस्टर का किया विमोचन
- गुरु वशिष्ठ का जीवन हमें कर्तव्य के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देता है-संदीप शर्मा

**कोटा,** (निसं)। अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा एवं सनाढ्य ब्राह्मण समाज कोटा महानगर द्वारा 28 अगस्त 2025, गुरुवार को शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल सभागार श्रीनाथपुरम-डी पर गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के प्रदेश महामंत्री किशन पाठक ने बताया कि कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन आज मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राजेश शर्मा के सानिध्य में किया गया, विधायक संदीप शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि गुरु वशिष्ठ का जीवन हमें कर्तव्य के रास्ते पर चलकर ऊंचाईयां छूने की सतत प्रेरणा देता है, यह आयोजन युवा पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा, ब्राह्मण समाज दिशा और संस्कार देता है ब्राह्मण समाज ने हमेशा विश्व मंगल की कामना की है, उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया, अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा ने कहा कि गुरु वशिष्ठ ब्रह्माजी के मानस पुत्र हैं एवं सप्त ऋषियों में इनका प्रमुख स्थान होने के कारण ऋषि पंचमी के दिन गुरु वशिष्ठ प्राकट्य महोत्सव का आयोजन सनाढ्य समाज द्वारा देश भर में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता है।

आज कोटा सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में भी यह आयोजन समाजबंधु श्रद्धा के साथ आयोजित करते हैं, प्रदेश महामंत्री किशन पाठक ने बताया कि 28 अगस्त गुरुवार को श्रीनाथपुरम स्थित शिव ज्योति कॉन्वेंट स्कूल सभागार में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी, गुरु वशिष्ठ सम्मान समारोह एवं संतों का आशीर्वचन सभी समाज बंधुओ को प्राप्त होगा।

इसके पश्चात गुरु वशिष्ठजी का पूजन एवं महाआरती की जाएगी एवं कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसादी होगी, कार्यक्रम का आयोजन अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा एवं सनाढ्य ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों द्वारा मिलकर किया जाएगा इस अवसर पर पदाधिकारिओं द्वारा विधायक संदीप शर्मा का शॉल एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया गया, पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अखिल राजस्थान सनाढ्य ब्राह्मण महासभा के कोटा जिला महामंत्री विजय भारद्वाज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हेमंत सनाढ्य, रुपेश शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष पंकज शांडिल्य, रामनरेश शर्मा, राकेश मिश्रा, विनोद दीक्षित शिव शर्मा खेमचंद दीक्षित प्राईवेट स्कूल संगठन के अध्यक्ष संजय शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर ( राज. )

क्रमांक:-ननिको/को.उ./राजस्व/2025/10804-805 दिनांक:-20.08.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बसंता देवी पत्नी श्री दिलीप कुमार निवासी म.नं. 408 लश्करियों की बस्ती रंगतालाब कोटा द्वारा नगर निगम कोटा उत्तर की लघु यंत्रालय उपविधि 2010 के अनुसार दुकान नं. 3 वैशाली नगर विस्तार ग्राम सोगरिया तहसील लाडपुरा कोटा में आटा-चक्की लगाने की अनुमति चाही गई है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस की अवधि में राजीव गांधी भवन नगर निगम कोटा उत्तर के ब्लॉक सी के द्वितीय तल के कमरा नं. 307 में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त उपविधि के अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी। सूचित हो।

उपायुक्त नगर निगम कोटा ( उत्तर )

## विधिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य पीरामल फाईनेन्स लि. शाखा कोटा द्वारा श्रीमती अबेदा पत्नी श्री अब्दुल वहीद मन्सूरी के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूखंड वाके मैन रोड कैथून जिला कोटा में स्थित है। जिसे दिनांक 17.06.2025 को जरिये हक त्याग पत्र आधारपर क्रय किया था। उक्त भूखंड पर बने मकान को खरीद करने के लिए श्रीमती रजिया बानो पत्नी श्री सादीक हुसैन पीरामल फाईनेन्स लि. शाखा कोटा से ऋण ले रहे है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन कर ऋण देने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को या बैंक को या किसी संस्था कोई आपत्ति हो तो वह 7 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

दिनांक : 20.08.2025

सैयद फेसल हुसैन एडवोकेट बून्दी
मो. 7737809609

# पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी का सम्मान किया

**कोटा,** (निसं)। महिलाओं के सामाजिक संगठन, वूमेन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ऑफ वर्ल्ड की राष्ट्रीय अध्यक्ष नितु भटनागर ने बताया कि संस्था सदस्यों ने कोटा शहर की नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम का स्मृति चिन्ह और फूलों का गुच्छा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था की प्रदेशाध्यक्ष अनीता वाघेला, सोनल गुप्ता, डॉ. ज्योति खटवानी, डॉ. प्रीतिबाला राठौड़, नेहा पंचाल, महिमा गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## पश्चिम मध्य रेल

**शुद्धिपत्र संख्या 34/2025**

निविदा सं. 40252744 जिसके खुलने की तिथि 25/08/2025 थी, जो कि इस कार्यालय की निविदा नोटिस सं. EPS/88/2025 के तहत प्रकाशित की गई थी, इसमें निम्न संशोधन किए गए है-**Tender No. & Short Description**-40252744 **Description:-** वाल्व रेगुलेटेड लीड एसिड बैटरी। **Price Variation Clause, Tender Opening date-From-25/08/2025**-1.Clause Description (Commercial- Compliance): PRICE VARIATION CLAUSE (PVC): The basic price of the battery is based on Hindustan Zinc Ltd. ex Chanderiya Lead Zinc smelter Price of Rs...... per MT (exclusive of all statutory duties and taxes) in its price circular prevailing as on "one day before tender closing" for lead purity 99.99%. The basic price will be subject to variation as follows: For every increase or decrease of Rs. 100/- in M/s HZLS ex- chanderiya Lead Zinc Smelter base price of Lead Purity 99.99%, the basic price of 110 V 70Ah VRLA Battery (PL. No. 45178677) will vary upward/downward as Rs. 16.54 per set (exclusive of all statutory duties and taxes). The basic price of M/s HZL Lead purity 99.99% (ex- Chanderiya smelter) in its price circular prevalent one month (i.e. 30 days) prior to date of inspection call for offering the battery set for inspection will be considered for computing the PVC. In case of consignee inspection, the date of dispatch will be treated as date of inspection call offer for the purpose of price variation calculation for payment purpose. **Tender Opening date to-01/09/2025**-The basic price of battery is based on M/s Hindustan Zinc Ltd. ex Chanderiya Lead Zinc smelter price of Rs.201600 per MT (exclusive of all statutory duties and taxes) in its price circular prevailing as on Date 21.07.2025 for lead purity 99.99%. The basic price will be subject to variation as follows: For every increase/decrease of Rs.100.00 in M/s. HZLS ex- Chanderiya Lead Zinc Smelter base price of Lead purity 99.99%, the basic price of 110V 70AH VRLA Battery (PL No. will vary 45178677) upward/downward as Rs.16.54 per set (exclusive of all statutory duties and taxes). The basic price of M/s HZL Lead purity 99.99% (ex-Chanderiya smelter) in its price circular prevalent one 2671975/2025/O/o DY.CMM(S)/HQ/WCR 120 2671975/2025/O/o DY.CMM(S)/HQ/WCR 12,1 month (i.e. 30 days) prior to date of inspection call for offering the battery set for inspection will be considered for computing the PVC. In case of consignee inspection, the date of dispatch will be treated as date of inspection call offer for the purpose of price variation calculation for payment purpose. अद्यतन एवं पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखे।

( हस्ता. )

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां

क्रमांक: न.पा.छ./2025/3936 प्रारुप-10 ( नियम 6 ( 7 ) देखिए ) दिनांक:-19.8.25

**प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका छबड़ा जिला बारां**

**लोक सूचना**

आवेदक श्री राजूल सिंघवी आत्मज श्री सुरेन्द्र सिंघवी जाति जैन निवासी छबड़ा तहसील छबड़ा जिला बारां (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

| तहसील व जिले का नाम | राजस्व ग्राम का नाम | खसरा सं. क्षेत्र |
|---|---|---|
| छबड़ा जिला बारां | छबड़ा | 324/2 रकबा 1.9881 हेक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय 7 दिवस के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा कर दिया जावेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 19.8.25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका छबड़ा जिला बारां (राज.)

# कलक्टर एवं आईजी रेंज ने अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग का जायजा लिया

- अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग की रूट विजिट प्रातः 9 बजे सूरजपोल गेट से शुरू हुई। वहां से मोखापाड़ा, कैथूनीपोल थाना, इंद्रा बाजार, सब्जीमंडी से होते हुए सभी अधिकारी रामपुरा बाजार होते हुए

**कोटा,** (निसं)। जिला कलक्टर पीयूष समारिया ने बुधवार को अनंत चतुर्दशी के शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आईजी कोटा रेंज राजेन्द्र प्रसाद गोयल एवं पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्वनी गौतम सहित अन्य अधिकारी भी साथ थे।

अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग की रूट विजिट प्रात: 9 बजे सूरजपोल गेट से शुरू हुई। वहां से मोखापाड़ा, कैथूनीपोल थाना, इंद्रा बाजार, सब्जीमंडी से होते हुए सभी अधिकारी रामपुरा बाजार होते हुए बारादरी तक पहुंचे। करीब 3.5 किमी के शोभायात्रा मार्ग की विजिट के दौरान जिला कलक्टर एवं अन्य अधिकारियों ने सड़क पर बने गढ्डे भरने, खुले नालों को ढकने, नीचे झूल रहे तारों को कसने, केबल के तारों को व्यवस्थित करने, रास्ते में पड़े मलबे, निर्माण सामग्री आदि को हटाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर एवं आईजी कोटा रेंज ने रूट विजिट के दौरान साथ चल रहे शोभायात्रा आयोजन समिति के पदाधिकारियों से भी व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने अखाड़ों के व्यायाम प्रदर्शन, स्टॉल आदि के बारे में जानकारी ली।

जिला कलक्टर ने शोभायात्रा के मार्ग में आने वाली गलियों में पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था करने, सफाई एवं अवरोध हटाने के निर्देश नगर निगम अधिकारियों को दिए। जर्जर भवनों की बैरिकेडिंग करें- समारिया ने शोभायात्रा के मार्ग पर जर्जर भवनों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग करने एवं गार्ड नियोजित करने के निर्देश दिए ताकि कोई शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार के हादसे की आशंका नहीं रहे। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चर्चा-उन्होंने शोभायात्रा के दिन ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर आईजी रेंज एवं पुलिस अधीक्षक कोटा शहर से चर्चा की। अधिकारियों ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों के विभिन्न सुझावों को नोट करते हुए अगली रूट विजिट तक समस्त व्यवस्थाएं सुचारू करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, एडीएम सिटी अनिल सिंघल, आयुक्त नगर निगम उत्तर अशोक त्यागी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी साथ रहे।

# नई पाईप लाईन से एक सप्ताह में कराएं जल कनेक्शन

**कोटा,** (निसं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा स्मार्ट सिटी योजना अन्तर्गत राजीव गांधी नगर में 2000 किलोलीटर क्षमता के 18 मीटर स्टेजिंग उच्च जलाशय का निर्माण पूरा कर नई बिछाई गई पाईप लाईन शुरू कर दी गई है। साथ ही, इंदिरा विहार कॉलोनी में नई जलापूर्ति पाईप लाईनों से कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं। ऐसे में पुरानी लाईनों को एक सप्ताह के पश्चात बंद कर दिया जाएगा। अधिशाषी अभियंता पीएचईडी नगर खंड प्रथम जीवनधर राठौर ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ता से अपील की है कि अपने-अपने जल सम्बन्ध नई पाईप लाईन से शीघ्र करवाएं। जिन उपभोक्ताओं के जल कनेक्शन बकाया राशि के कारण नहीं हो पाए हैं, वे अपनी बकाया राशि 7 दिवस के अन्दर जमा कर कनिष्ठ अभियंता कार्यालय, तलवंडी चौकी पर सूचना दें। 7 दिवस पश्चात् राशि जमा करने पर उपभोक्ता को स्वयं के स्तर पर जल कनेक्शन करवाना होगा।

## प्रधानाचार्य कार्यालय

**राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बून्दी ( राजस्थान )**

**राष्ट्रीय राजमार्ग-52, तालाब गांव, 323001**

E-mail ID: gmcbundi@gmail.com

क्रमांक : लेखा/2025/143 दिनांक-19.08.2025

**निविदा सूचना**

कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय बून्दी में वाटर कुलर (उषा कम्पनी) एवं आर.ओ. (एक्वा गार्ड RO 50LPH Basic Model 50 लीटर हॉवर) की सी.ए.एम.सी. संचालन हेतु वार्षिक दर संविदा हेतु पंजीकृत/अनुभवी बोलीदाताओं, संवेदकों से निविदा के माध्यम से बंद लिफाफे में दिनांक 19.08.2025 से दिनांक 28.08.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा का UBN No. MES2526SSOB00071 है।

( डॉ. श्योजी राम मीणा )
प्रधानाचार्य,
राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय बून्दी ( राज. )

## चंबल ब्रेवरीज और डिस्टलरीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : हाउस नंबर 30, दूसरी मंजिल, डी.ए.वी स्कूल केई पास, तलवंडी, कोटा, 324 005 (राजस्थान)

वेबसाइट: www.chambalkota.in दूरभाष न.: 0744-3500607
ईमेल आईडी: chambalbreweries@gmail.com CIN: L99999RJ1985PLC046460

**कंपनी की 40वी वार्षिक सामान्य का सदस्यों को नोटिस**

सूचना दी जाती है कि **चंबल ब्रेवरीज और डिस्टलरीज लिमिटेड** की 40वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन शनिवार, दिनांक 20 सितम्बर, 2025 को दोपहर 12:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय : हाउस नंबर 30, दूसरी मंजिल, डी.ए.वी स्कूल केई पास, तलवंडी, कोटा, 324 005 (राजस्थान) पर किया गया है जिसमें वार्षिक सभा के नोटिस में वर्णित बिंदुओं पर कार्य संपन्न होगा.

- वित्तीय वर्ष **2024-25** के संदर्भ में आयोजित होने वाली वार्षिक सभा का नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट की प्रतिलिपि इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को प्रेषित की गई है जिनकी ईमेल आईडी डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास 15 अगस्त, 2025 को पंजीकृत है इनके साथ ही नोटिस व वार्षिक रिपोर्ट की प्रतिलिपि उन सदस्यों को भी भौतिक रूप से प्रेषित की गई है जिनकी ईमेल आईडी डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास 15 अगस्त, 2025 को पंजीकृत नहीं है यह नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट प्रेषित का कार्य 20 अगस्त, 2025 को संपन्न हो चुका है.
- सामान्य सभा की नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 कंपनी की वेबसाइट www.chambalkota.in पर उपलब्ध है
- कंपनी कानून, 2013 की धारा 108 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताओं विनियम) 2015 के विनियमन 44 और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक के अनुसार के कंपनी द्वारा सदस्यों को सामान्य सभा में उल्लेखित प्रस्ताव पर मतदान करने की सुविधा इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से करने की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है जिसमें कंपनी के सदस्य बैठक के अलावा अन्य स्थान से मतदान कर सकता है कंपनी ने ई-वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सी.डी.एस.एल की सेवाएं लेने का निर्णय लिया है.
- कंपनी कानून, 2013 की धारा 91 के प्रावधानों के अनुसार सदस्यों का रजिस्टर तथा हस्तांतरण बुक रविवार, 14 सितम्बर, 2025 से शनिवार, 20 सितम्बर, 2025 तक (दोनों दिन सम्मिलित) तक वार्षिक सभा के संदर्भ में बंद होगी.

इसी संदर्भ में सदस्यों को सूचित किया जाता है कि

- रिमोट ई-वोटिंग का प्रारंभ मंगलवार, 16 सितम्बर, 2025 प्रातः 9:00 बजे होगा और समापन शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2025 शाम 5.00 बजे तक होगा. मतदान एवं ई-वोटिंग के संबंध में कट ऑफ तारीख 13 सितम्बर, 2025 है.
- जिन सदस्यों ने वार्षिक रिपोर्ट के प्रेषण के बाद कंपनी के शेयर क्रय किए गए है तथा उसके पास कट ऑफ तारीख को शेयर है वह यूजर आईडी और पासवर्ड helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल करके प्राप्त कर सकता है.
- रिमोट ई-वोटिंग से मतदान करने की अनुमति शुक्रवार, 19 सितम्बर, 2025 शाम 5.00 बजे के बाद नहीं होगी.
- मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा वार्षिक सभा में उपलब्ध रहेगी, उपस्थित होने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान नहीं किया है वह वार्षिक सभा के दौरान मतदान कर सकेंगे.
- जिन सदस्यों ने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से सभा के पूर्व ही मतदान कर दिया है वह वार्षिक सामान्य सभा में भाग ले सकेंगे लेकिन पुनः मतदान की अनुमति नहीं होगी.
- जिन सदस्यों का नाम कट ऑफ तारीख 13 सितम्बर, 2025 को सदस्यों के रजिस्टर में भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज है वही रिमोट ई-वोटिंग अथवा वार्षिक सामान्य सभा में मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे, रिमोट वोटिंग की जानकारी वार्षिक सभा के नोटिस में उपलब्ध कराई गई है.
- वार्षिक सामान्य सभा की नोटिस एवं वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 कंपनी की वेबसाइट www.chambalkota.in तथा CDSL की वेबसाइट www.cdslindia.com पर उपलब्ध है.
- इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से संबंधित सभी शिकायतें/सहायता हेतु सदस्य श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक, CDSL, ए विंग, 25वीं मंज़िल, मैराथन फ्यूचरक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई – 400013 से संपर्क कर सकते हैं अथवा ई-मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर भेज सकते हैं या टोल-फ्री नंबर 1800 21 09911 पर कॉल कर सकते हैं.

दिनांक: 20.08.2025 चंबल ब्रेवरीज और डिस्टलरीज लिमिटेड के लिए
स्थान: कोटा एसडी/-
ललित मोदी (कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी) स.सं. A37353

## कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/1474 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक:-8.8.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रावतभाटा की अनुमोदित बालाजी नगर व्यावसायिक योजना रावतभाटा के दुकान प्रयोजनार्थ व्यावसायिक भूखंड संख्या एस-13 (कॉर्नर) साईज 4.50x9 क्षेत्रफल 40.50 वर्गमीटर अर्थात 435.94 वर्गफीट ई-नीलामी दिनांक 24.09.2024 तथा भूखंड संख्या एस-14 साईज 4.50x9 क्षेत्रफल 40.50 वर्गमीटर अर्थात 435.94 वर्गफीट ई-नीलामी दिनांक 17.09.2024 अंतर्गत आवेदक श्री जफर मोहम्मद पिता स्व. श्री शब्बीर मोहम्मद गौरी निवासी रावतभाटा तहसील रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) को विक्रय किए गए थे। जिसकी सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त 8 वर्ष की लीज राशि एवं अन्य प्रभार जमा होने के उपरांत आवेदक/भूखंडधारी को भूखंड संख्या एस-13 (कॉर्नर) का पट्टा क्रमांक 201 दिनांक 30.12.2024 एवं भूखंड संख्या एस-14 का पट्टा क्रमांक 200 दिनांक 30.12.2024 से जारी कर उक्त दोनों पट्टों का पंजीयन दिनांक 28.03.2025 से किया गया है। जिससे प्राप्त स्वामित्व अधिकारों के तहत आवेदक/भूखंडधारी उपरोक्त दोनों भूखंड संख्या एस-13 (कॉर्नर) एवं भूखंड संख्या एस-14 (दुकान प्रयोजनार्थ) का पुर्नगठन/एकीकरण प्लान प्रस्तुत कर उपरोक्त भूखंडों की पुर्नगठन/एकीकरण की स्वीकृति इस कार्यालय से चाही गई है।

अत: उपरोक्त भूखंडों का पुर्नगठन/एकीकरण की स्वीकृति पालिका द्वारा प्रदान किए जाने में किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

## कार्यालय नगर पालिका रावतभाटा, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )

क्रमांक/नपारा/भूमि/2025-26/1568 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक:-18.8.25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रावतभाटा की अनुमोदित बालाजी नगर व्यावसायिक योजना रावतभाटा के दुकान प्रयोजनार्थ व्यावसायिक भूखंड संख्या एस-33 साईज 4.50x9 क्षेत्रफल 40.50 वर्गमीटर अर्थात 435.94 वर्गफीट ई-नीलामी दिनांक 08.11.2024 तथा भूखंड संख्या एस-34 साईज 4.50x9 क्षेत्रफल 40.50 वर्गमीटर अर्थात 435.94 वर्गफीट ई-नीलामी दिनांक 07.11.2024 अंतर्गत आवेदक श्री पवन अग्रवाल पिता श्री सत्यनारायण अग्रवाल निवासी 377 न्यू मार्केट जैन मंदिर के पास रावतभाटा तहसील रावतभाटा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.) को विक्रय किए गए थे। जिसकी सम्पूर्ण राशि एवं एकमुश्त 8 वर्ष की लीज राशि एवं अन्य प्रभार जमा होने के उपरांत आवेदक/भूखंडधारी को भूखंड संख्या एस-33 का पट्टा क्रमांक 274 दिनांक 04.06.2025 एवं भूखंड संख्या एस-34 का पट्टा क्रमांक 276 दिनांक 04.06.2025 से जारी कर उक्त दोनों पट्टों का पंजीयन दिनांक 24.06.2025 से किया गया है। जिससे प्राप्त स्वामित्व अधिकारों के तहत आवेदक/भूखंडधारी उपरोक्त दोनों भूखंड संख्या एस-33 एवं भूखंड संख्या एस-34 (दुकान प्रयोजनार्थ) का पुर्नगठन/एकीकरण प्लान प्रस्तुत कर उपरोक्त भूखंडों की पुर्नगठन/एकीकरण की स्वीकृति इस कार्यालय से चाही गई है।

अत: उपरोक्त भूखंडों का पुर्नगठन/एकीकरण की स्वीकृति पालिका द्वारा प्रदान किए जाने में किसी भी व्यक्ति/विभाग/संस्था/बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर-भीतर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मय साक्ष्य सबूत के अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। आपत्ति अवधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रावतभाटा

# जिले में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

- कलक्टर ने अवैध खनन रोकथाम एवं भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा की

**कोटा,** (निसं)। कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में बुधवार को जिलास्तरीय टास्क फोर्स एवं अवैध खनन रोकथाम, राजस्व प्रकरणों तथा योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों एवं खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अवैध खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होगा।

वैध खनन क्षेत्र के अतिरिक्त कहीं भी खनन गतिविधि न हो और यदि अवैध खनन पाया जाए तो तत्काल सघन कार्रवाई की जाऐं। जब्त की गई बजरी को नियमानुसार नीलाम करने की कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गऐं। इसी क्रम में वित्तीय साक्षरता एवं सेचुरेशन कैंप की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलक्टर ने कहा कि इन कैंपों में अधिक से अधिक ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित की जाऐं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी व्यक्तिगत रूप से ध्यान रखें कि पात्र वांछित लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकें। कलक्टर ने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले प्रत्येक सरकारी कैंप में बैंक प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य हो, ताकि वित्तीय समावेशन एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया जा सकें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि व अन्य कृषि योजना की समीक्षा के दौरान कलक्टर ने पीपल्दा क्षेत्र में अधिक पेंडेंसी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी के पास ड्यू लिस्ट उपलब्ध हो और उसी आधार पर लाभार्थियों से व्यक्तिगत स्तर पर संपर्क कर लंबित प्रकरणों को समाप्त किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि नियम अनुसार शीघ्र कार्रवाई कर पेंडेंसी खत्म करना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिऐं। कलक्टर ने कहा कि अधिकारी अपने-अपने कार्यों के प्रति जवाबदेह हैं और बैठकों में आवश्यक दस्तावेज एवं सूचियों के साथ ही उपस्थित हों, ताकि विभागीय समन्वय से कार्यों में विलंब न हो।

बैठक में भूमि आवंटन से जुड़े प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। कलक्टर ने सभी उपखंड अधिकारियों एवं तहसीलदार को निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए ताकि आमजन को प्रदेश सरकार की मंशानुरूप समय पर लाभ मिल सके। कलक्टर ने विभिन्न उपखंडों में प्रस्तावित जीएसएस (ग्रिड सब-स्टेशन) से जुड़े भूमि आवंटन के मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित अधिशासी अभियंता प्रत्येक उपखंड अधिकारी से समन्वय स्थापित कर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भूमि आवंटन एवं उससे संबंधित समस्त औपचारिकताएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं और प्रगति की विस्तृत पालना रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाऐं। कलक्टर ने भूमि अवाप्ति संबंधी प्रकरणों, राजस्व न्यायालयों में लंबित एवं निर्णित प्रकरणों की तुलनात्मक समीक्षा की और जीसीएमएस पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की स्थिति का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि भूमि आवंटन, भूमि अवाप्ति और अन्य राजस्व प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाऐं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला सहित सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस, खनन, पर्यटन, शिक्षा, विद्युत आदि विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।